# दिनांक 16.01.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार जनपद–महराजगंज में जल जीवन मिशन–हर घर जल की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–

बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–




## (1) खण्ड कार्यालय, जल निगम से सम्बन्धित कार्यः–

### A.रेट्रोफिटिंग

| Sr No. | Date Of Meeting | District | Phase | Schemes | | FHTC | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Achieved | |
| 1 | 16.01.2023 | महराजगंज | रेट्रोफिटिंग | 31 | 31 | 29479 | 29479 | — |

### B.जल जीवन मिशन, निर्माणाधीन परियोजना :–

| क्र0सं0 | बैठक का दिनांक | 01.04.2022 को अधूरी परियोजनाओं की संख्या | वर्ष 2022–23 में स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | कुल योग (3+4) | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | वर्ष में पूर्ण की जाने वाली योजनाओं की संख्या | कुल योजनाओं में से अनु0 जाति / जनजाति बाहुल्य | भौतिक प्रगति | | | | | | | कॉलम 14 में से अनु0 जाति / जनजाति बाहुल्य | लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्रतिशत (13 / 7) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अप्रारम्भ | 50% तक | 51-74% तक | 75-99% तक | पूर्ण | विद्युत कनेक्शन सहित पूर्ण | संचालन प्रारम्भ | | |
| 1 | 06.01.2023 | 34 | 0 | 34 | 179 | 25 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 | 24 | 19 | 19 | 0 | 96% |
| 2 | 16.01.2023 | 34 | 0 | 34 | 179 | 25 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 | 24 | 19 | 19 | 0 | 96% |

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 01.04.2022 को कुल 34 परियोजनाओं में 25 परियोजनाओं को वर्ष में पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। लक्ष्य के सापेक्ष 24 परियोजना पूर्ण कर ली गयी है जिसमें 19 योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन करते हुए 10 परियोजनाओं पर संचालन प्रारम्भ व 9 परियोजनाओं पर टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। शेष 01 नग लक्ष्मीपुर पेयजल योजना पर नलकूप से स्वतः जल श्राव होने के कारण कार्य प्रभावित था, वर्तमान में जल श्राव कम होने के उपरान्त कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 09 ग्रामीण पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 5 पेयजल योजनाओं क्रमशः मैनहवां, नटवा जंगल, उदितपुर, हरखी एवं बसहिया खुर्द को माह–जनवरी के अंत तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये साथ ही उक्त समस्त योजनाओं पर विद्युत संयोजन के कार्यो को सिविल कार्यो के साथ कराये जाने के निर्देश दिये गये।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | नलकूप | पम्प हाउस | वितरण प्रणाली | गृह जल संयोजन | शिरोपरि जलाशय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैनहवां | 100 % | 80 % | 95% | 70% | 80% |
| 2 | नटवा जंगल | 100 % | 90% | 75% | 80% | 80% |
| 3 | उदितपुर | 100 % | 80% | 95 % | 80 % | 50% |
| 4 | हरखी | 100 % | 90% | 85% | 60% | 30% |
| 5 | बसहिया खुर्द | 100 % | 80% | 95% | 50% | 80% |

Scanned with OKEN Scanner

सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) गोरखपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 25 परियोजनाओं के सापेक्ष वर्तमान में 19 योजनाओं पर वि0/यॉ0 कार्य कराये गये है एवं माह–जनवरी 2023 हेतु लक्षित परियोजनाओं के विद्युत कनेक्शन की कार्यवाही की जा रही है। परियोजनाओं पर विद्युत सम्बन्धित समस्त कार्यो को विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये अग्रिम बैठक से पूर्व पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में संचालित 31 नग रेट्रोफिटिंग योजनाओं के ग्रामों को पेयजल से संतृप्त करने हेतु अवशेष FHTC का कार्य अग्रिम बैठक से पहले पूर्ण करा दिये जायेगें। अधोहस्ताक्षरी द्वारा रेट्रोफिटिंग एवं पूर्ण निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के FHTC के कार्यों को माह के अन्त तक पूर्ण कराये जाने व जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से रेट्रोफिटिंग योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करायी गयी जिसमें योजनाओं के संचालन में कमियाँ परिलक्षित हुई उक्त कमियों को ठीक कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही संचालित योजनाओं का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी/सचिव के माध्यम से फीड बैक प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही:–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)

**(2) मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट से सम्बन्धित कार्य (JJM फेज–2):–**

| S. N. | Dateof Meeting | Phase | Agency | Land | | DPR Status Villages (No. Of Scheme) | | | | Tri Party Agreement (No. Of Scheme) | Cover Agreement (No. Of Scheme) | Work Started |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achieved | Target | Submitted | DWSM | SLSSC | | | |
| 1 | 16-01-2022 | Phase-2 | JMC Projects | 446 | 446 | 446 (341) | 446 (341) | 446 (341) | 431 (330) | 431 (330) | 308 (249) | 185 |

अवगत कराया गया कि 446 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 341 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 के सापेक्ष फर्म द्वारा समस्त डी0पी0आर0 उपलब्ध कराये जा चुकें है, जिस वर्तमान तक DWSM द्वारा समस्त डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति उपरान्त शासन को प्रेषित किये जा चुकें है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम व फर्म को निर्देश दिये गये कि SLSSC से स्वीकृति प्राप्त समस्त परियोजनाओं के कवर एग्रीमेन्ट अगली बैठक से पहले पूर्ण कराते हुये कार्य प्रारम्भ कराया जाना सुनिश्चित करें।

**कवर एग्रीमेन्ट के सापेक्ष लक्ष्य/उपलब्धि(249पे0यो0)**

| Sl. No. | Description | Unit | CA- 212/ED/ 2021-22 Dt-10-12-2021 DOS: 10.12.21, DOC: 09.12.22 | | | | CA- 265/ED/2021-22/II Dt- 09-02-2022 DOS: 09.02.22, DOC: 08.02.23 | | | | CA- 91/ED/Phase-2/2022-23/III Dt- 05-09-2022 DOS : - 05.09.22, DOC: 04.09.23 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Scope (Target) | Compl eted | Prog ress | Not Started | Total Scope (Target) | Comp leted | Prog ress | Not Started | Total Scope (Target) | Compl eted | Prog ress | Not Started |
| 1 | Tube well Works | Nos. | 74 | 65 | 6 | 3 | 81 | 50 | 4 | 27 | 94 | 4 | - | 90 |
| 2 | Boundary wall | Nos. | 74 | 12 | 8 | 54 | 81 | 8 | 3 | 70 | 94 | 1 | - | 93 |
| 3 | Pump House | Nos. | 74 | 4 | 7 | 63 | 81 | 2 | 12 | 67 | 94 | 0 | 1 | 93 |
| 4 | Solar | Nos. | 74 | 5 | 4 | 65 | 81 | - | - | 81 | 94 | - | - | 94 |
| 5 | Distribution Network | KM | 561 | 373 | - | 188 | 686 | 396 | - | 290 | 973 | 102 | - | 871 |
| 6 | FHTC Connection | Nos. | 40163 | 21264 | - | 18899 | 41064 | 18295 | - | 22769 | 54814 | 3073 | | 51741 |
| 7 | OHT | Nos. | 74 | 0 | 12 | 52 | 81 | 0 | 17 | 64 | 94 | 0 | 1 | 93 |

जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत चयनित फर्म मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट द्वारा प्रथम कवर एग्रीमेन्ट जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि 10.12.2021 एवं कार्य समापन की तिथि 09.12.2022 है जिसके अन्तर्गत 74 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है। वर्तमान तक 74 नग योजनाओं के सापेक्ष नलकूप निर्माण 65 नग, बाउन्ड्रीवाल निर्माण 12 नग, पंम्प हाउस निर्माण 4 नग, शिरोपरि जलाशय निर्माण–शून्य, 561 किमी0 के सापेक्ष 373 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है, इसी प्रकार द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट जिसकी कार्य प्रारम्भ की तिथि 09.02.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 08.02.2023 है जिसके अन्तर्गत 81 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है। वर्तमान तक 81 नग योजनाओं के सापेक्ष

Scanned with OKEN Scanner

नलकूप निर्माण 50 नग, बाउन्ड्रीवाल निर्माण 8 नग, पम्प हाउस निर्माण 2 नग, शिरोपरि जलाशय निर्माण–शून्य, 686 किमी0 के सापेक्ष 396 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है। त्रितीय कवर एग्रीमेन्ट जिसकी कार्य प्रारम्भ की तिथि 05.09.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 04.09.2023 है जिसके अन्तर्गत 94 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है। वर्तमान तक 94 नग योजनाओं के सापेक्ष नलकूप निर्माण 4 नग, बाउन्ड्रीवाल निर्माण 1 नग, पम्प हाउस निर्माण–शून्य नग, शिरोपरि जलाशय निर्माण–शून्य, 973 किमी0 के सापेक्ष 102 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है।

योजनाओं पर कार्य की प्रगति अत्यन्त कम होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि भविष्य में होने वाले भुगतानों में नियमानुसार कटौती करते हुये ही बीजकों के भुगतान किये जाये। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दिवस 500 नग FHTC प्रदान करना सुनिश्चित करें तथा प्रथम व द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट के अन्तर्गत चयनित समस्त योजनाओं को माह–फरवरी 2023 तक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा फर्म के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर दी जायेगी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) लखनऊ द्वारा 1% की पेनाल्टी फर्म को लगाई गई है।

**(कार्यवाही:–परियोजना प्रबन्धक, जे0एम0सी0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एस0(जे0वी0)/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)**

### (3) मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) (JJM फेज–3):–

| Sr No | Date of Meeting | Phase | Agency | Land | | DPR Status Villages (No. Of Scheme) | | | | Tri Party Agreement (No. Of Scheme) | Cover Agree ment (No. Of Schem e) | Work Started |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achie ved | Target | Submi tted | DWSM | SLSSC | | | |
| 1 | 16.01.2023 | Phase-3 | Ritivik_Koya (JV) | 651 | 651 | 651 R.V | 602 (340) | 547 (326) | 355 (199) | 296 (161) | 219 (126) | 22 |

अवगत कराया गया कि 651 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 448 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 बनाये जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 602 राजस्व ग्राम की 340 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये है। वर्तमान तक DWSM के द्वारा 547 राजस्व ग्रामों की 326 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 तकनीकी स्वीकृति उपरान्त शासन को प्रेषित किये गये है। साथ ही फर्म को निर्देश दिये गये कि शेष राजस्व ग्रामों की समस्त डी0पी0आर0 अग्रिम प्रस्तावित बैठक से पूर्व उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता मान्य नहीं होगी।

**कवर एग्रीमेन्ट के सापेक्ष लक्ष्य/उपलब्धि (126 पे0यो0)**

| Sl. No. | Description | Unit | CA-1 DOS: 31.10.22, DOC: 30.10.23 | | | | CA-2 DOS: 24.11.22, DOC: 23.11.23 | | | | CA-3 DOS: 24.11.22, DOC: 23.11.23 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Scope (Target) | Completed | Progress | Not Started | Total Scope (Target) | Completed | Progress | Not Started | Total Scope (Target) | Completed | Progress | Not Started |
| 1 | Tube well Works | Nos. | 18 | 2 | 11 | 5 | 23 | 0 | 4 | 19 | 13 | 0 | 3 | 10 |
| 2 | Boundary wall | Nos. | 18 | 0 | - | 18 | 23 | 0 | - | 23 | 13 | 0 | - | 13 |
| 3 | Pump House | Nos. | 18 | 0 | - | 18 | 23 | 0 | - | 23 | 13 | 0 | - | 13 |
| 4 | Solar | Nos. | 18 | 0 | - | 18 | 23 | 0 | - | 23 | 13 | 0 | - | 13 |
| 5 | Distribution Network | KM | 208 | 41 | - | 167 | 236 | 4 | - | 232 | 173 | 6 | - | 167 |
| 6 | FHTC Connection | Nos. | 14200 | 670 | - | 13530 | 12547 | 82 | - | 12465 | 8454 | 0 | - | 8454 |
| 7 | OHT | Nos. | 18 | 0 | - | 18 | 23 | 0 | - | 23 | 13 | 0 | - | 13 |

| Sl. No. | Description | Unit | CA-4 DOS: 24.11.22, DOC: 23.11.23 | | | | CA-5 DOS: 12.01.23, DOC: 11.01.24 | | | | CA-6 DOS: 12.01.23, DOC: 11.01.24 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total Scope | Complet | Progress | Not | Total Scope | Complete | Progress | Not | Total Scope | Complete | Progress | Not |

Scanned with OKEN Scanner

1

जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत चयनित फर्म मैसर्स रिथविक कोया (जे.वी.) द्वारा प्रथम कवर एग्रीमेन्ट जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि 31.10.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 30.10.2023 है जिसके अन्तर्गत 18 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 2 नग नलकूप निर्माण, 41.00 किमी० वितरण प्रणाली व 670 नग HTC का कार्य कराया गया है, व 11 नग नलकूप का कार्य प्रगति पर है। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी निर्माण कार्यो की प्रगति शून्य है। द्वितीय कवर एग्रीमेन्ट जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि 24.11.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 23.11.2023 है जिसके अन्तर्गत 23 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 4.00 किमी० वितरण प्रणाली व 82 नग HTC का कार्य कराया गया है, व 4 नग नलकूप का कार्य प्रगति पर है। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी निर्माण कार्यो की प्रगति शून्य है। तृतीय कवर एग्रीमेन्ट जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि 24.11.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 23.11.2023 है जिसके अन्तर्गत 13 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 6.00 किमी० वितरण प्रणाली का कार्य कराया गया है, व 3 नग नलकूप का कार्य प्रगति पर है। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी निर्माण कार्यो की प्रगति शून्य है। चतुर्थ कवर एग्रीमेन्ट जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि 24.11.2022 एवं कार्य समापन की तिथि 23.11.2023 है जिसके अन्तर्गत 13 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है एवं पंचम व षष्टम कवर एग्रीमेन्ट जिसके कार्य प्रारम्भ की तिथि 12.01.2023 एवं कार्य समापन की तिथि 11.01.2024 है जिसके अन्तर्गत क्रमशः 30 नग व 22 नग योजनाओं पर कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष समस्त कार्य अनारम्भ है।

योजनाओं पर कार्य की प्रगति अत्यन्त कम होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दिवस न्यूनतम 300 नग FHTC प्रदान करना सुनिश्चित करें, व साथ ही कवर एग्रीमेन्ट हो चुकी समस्त योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये, उक्त का अनुपालन न होने की दशा में फर्म के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर दी जायेगी।

(कार्यवाही:– मैसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), महराजगंज/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण))

(4) मैसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि० TPIA:– परियोजना के टीम लीडर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में 3969 बिन्दुओं पर आपत्ति प्रस्तुत की गयी जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 2350 बिन्दुओं की निस्तारण आख्या फर्म द्वारा प्रस्तुत की गयी है, जिसका परीक्षण TPIA द्वारा किया जा रहा है एवं 1592 बिन्दुओं की निस्तारण आख्या प्राप्त होना अवशेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यो में पायी गयी कमियों को तत्काल निस्तारित कराया जाये एवं बैठक में फोटोग्राफ सहित विवरण प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रेषित किया जाये।

(कार्यवाही:– परियोजना प्रबन्धक, जे०एम०सी० एवं एल०सी०ई०एस०पी०एस०(जे०वी०)/मैसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि०, महराजगंज/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/जिला विकास अधिकारी)

(5) इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA):– अवगत कराया गया कि समस्त ISA को रेट्रोफिटिंग/निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं FHTC हेतु आधार कार्ड एकत्र करने हेतु दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि फेज–2 एवं फेज–3 की प्रत्येक योजना हेतु ISA को रोस्टर जारी करते हुये आधार कार्ड कलेक्शन कार्य किया जाये एवं अगली बैठक से पूर्व रेट्रोफिटिंग व निर्माणाधीन योजनाओं के शतप्रतिशत आधार कार्ड प्राप्त कर लिये जाये जिससे FHTC की वांछित प्रगति प्राप्त की जा सके ।

(कार्यवाही:– इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सी /अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/ DPMU)

(6) जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU):– अवगत कराया गया कि DPMU द्वारा समस्त घटको द्वारा किये जा रहे क्रियाकलापों का नियमित अनुश्रवण एवं सहयोग किया जा रहा है। DPMU के ISA क्वार्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि ISA के द्वारा किये जा रहे कार्यो का नियमित अनुश्रवण करते हुये कार्यो को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये व आवंटित ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक ISA के द्वारा एकत्र कराते हुये आधार कार्ड की पोर्टल पर इन्ट्री की जाये।

(कार्यवाही:– जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU)/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/(ISA)

24/1/23

(सत्येन्द्र कुमार)
आई०ए०एस०
जिलाधिकारी
महराजगंज।

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय जिलाधिकारी, महराजगंज

पत्रांक: 127 / कार्य-114 / 12 दिनांक: 30.01.2023

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
2. अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0), महराजगंज।
3. जिला विकास अधिकारी, महराजगंज।
4. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, महराजगंज।
5. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महराजगंज।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.), महराजगंज।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स रिथविक कोया (जे.वी.), महराजगंज।
10. मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, महराजगंज।
11. डिस्टिक क्वार्डिनेटर (DPMU) महराजगंज।

जिलाधिकारी
महराजगंज।

Scanned with OKEN Scanner